तापमान
अधिकतम 37 .1 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

11 पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन ...



12 राजपुर-कामी गांव के बीच फैक्ट्रियों के पानी से ...



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में ड्रेन में मिला युवक का शव

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में ड्रेन में युवक का शव मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया है। शिनाख्त के बाद पुलिस आगामी कार्यवाही अमल में लायेगी।

### नकली पाइप बेचने के मामले में केस दर्ज

**गन्नौर।** बड़ी थाना पुलिस ने सुप्रीम कंपनी के नकली पाइप बेचने के मामले में एक कंपनी पर छापेमारी कर कार्रवाई की है। कार्रवाई द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधि रीशू मिश्रा की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि एचएसआइआइडीसी बड़ी फेज 1 स्थित कंपनी नंबर 221 पर सुप्रीम ब्रांड का नकली मार्का लगाकर पाइप रखे गए थे और उन्हें असली बताकर बेचा जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने 125 नकली पाइप बरामद किए।

### अवैध हथियारों सहित तीन आरोपित दबोचे



**सोनीपत।** जिले की एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत की टीम ने अवैध हथियार रखने और तस्करी में संलिप्त तीन आरोपितो को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपितों के कब्जे से पाँच देसी पिस्तौल और पाँच जिंदा राउंड बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वरदान निवासी नांगल खेड़ी जिला पानीपत, हिमांशु निवासी बिशनसरूप कॉलोनी पानीपत और परविन्द्र निवासी गांव गगसीना जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दो आरोपितो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मेडिकल टीचर्स एसो. ने आंदोलन की चेतावनी दी

**गोहाना।** मंगलवार को मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन आफ भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज की बैठक हुई। बैठक में मांगों को लेकर चर्चा की गई और उसके बाद मेडिकल कालेज के निदेशक के पास मांगपत्र भेजा गया। मांगपत्र उच्च अधिकारियों के पास भी भेजा गया। जल्द मांगें पूरी न होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. मुकेश कुमार ने कहा कि अन्य राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों की भांति यहां भी अर्जित अवकाश का लाभ प्रदान किया जाए। नामित प्राध्यापकों के वेतन निर्धारण की विसंगति को शीघ्र दूर किया जाए।

**होगा फायदा :** भारी बारिश के बाद अब श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत

# सोनीपत से जम्मूतवी तक बस सेवा बहाल

**24 अगस्त को जालंधर तक सीमित कर दी गई थी कटरा जाने वाली बसों की सेवा**

- अब जम्मूतवी तक बहाल की गई हैं सेवा, यात्रा शुरू होते ही कटरा तक चलेंगी

*24 अगस्त को नदी में बाढ़ आने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण सोनीपत से कटरा जाने वाली बसों का संचालन जालंधर तक कर दिया गया था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले से माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से जल्द ही यात्रा शुरू करने का ऐलान किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश से हुए नुकसान के कारण 24 अगस्त से सोनीपत से कटरा जाने वाली रोडवेज बसों का संचालन जालंधर तक सीमित कर दिया गया था। अब श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज विभाग की तरफ से इन बसों का संचालन जम्मूतवी तक बढ़ा दिया गया है। यात्रा शुरू होने के बाद बसें दोबारा कटरा तक चलेंगी। बता दें कि गत 26 और 27 अगस्त के साथ ही 2 और 3 सितंबर को पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण माता वैष्णो देवी भवन मार्ग को गंभीर नुकसान हुआ था। इससे पहले 24 अगस्त को नदी में बाढ़ आने से जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण सोनीपत से कटरा जाने वाली बसों का संचालन जालंधर तक कर दिया गया था।

**यात्रा के बाद कटरा तक फिर से दौड़ेगी रोडवेज की लॉरी**



### बड़ी संख्या में श्रद्धालु बसों से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाते है

इससे श्रद्धालुओं और जम्मू कश्मीर जाने वाले अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अक्टूबर 2024 से सोनीपत बस अड्डे से कटरा वाया दिल्ली तीन रोडवेज बसों का नियमित संचालन किया जा रहा है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट होने की वजह से श्रद्धालु बड़ी संख्या में बसों से ही माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यात्रा करते है। अब पुल की एक लेन शुरू हो जाने के बाद बसों का संचालन जम्मूतवी तक कर दिया गया है। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि रोडवेज को भी हो रहे राजस्व नुकसान से राहत मिलेगी।

### वैष्णो देवी यात्रा शुरू होगी, बसों का संचालन कटरा तक कर दिया जाएगा

जिले से काफी संख्या में श्रद्धालू माता के दर्शन करने के लिए रोडवेज विभाग की लॉरी में जाते है। मौसम के चलते सड़क मार्ग पर परेशानी होने के चलते सों का संचालन कटरा तक बंद कर दिया था। जैसे ही माता वैष्णो देवी यात्रा शुरू होगी, बसों का संचालन सीधे कटरा तक कर दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सीधे और सुगम यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। हाल में जम्मूतवी तक बसों को भेजने की हरी झंडी दी जा चुकी है। **-संजय कुमार,** महाप्रबंधक सोनीपत बस डिपो।

**नगर निगम में ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग तेज**

# सफाई कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

*जरनल बॉडी की मीटिंग में आगे की रणनीति बनाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारी मंगलवार को नगर निगम में इकट्ठा हुए और जरनल बॉडी मीटिंग की। बैठक की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। इस मीटिंग में लगभग सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। मीटिंग के बाद यूनियन का सचिव मंडल मुख्यमंत्री के ओएसडी के आदेशानुसार सोनीपत के डीसी से मिला और नगर निगम में ठेका व्यवस्था समाप्त कर सभी सफाई कर्मचारियों को महकमे के रोल पर लेने की मांग रखी। इस पर डीसी ने बताया कि निगम आयुक्त हर्षित कुमार छुट्टी पर हैं और डेलिगेशन को अगले दिन फिर मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद यूनियन का डेलिगेशन नगर निगम पहुंचा और ज्वाइंट कमिश्नर मीतू धनखड़ से मिला। ज्वाइंट कमिश्नर ने टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की बात कही, जिस पर डेलिगेशन ने साफ चेतावनी दी कि सोनीपत में किसी भी कीमत पर टेंडर नहीं होने दिया जाएगा।

### दोबारा टेंडर लगाया तो बर्दाश्त नहीं होगा

यदि दोबारा टेंडर लगाए गए तो यह कर्मचारियों की आवाज के खिलाफ होगा और किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मीटिंग में अनिल, विजय, युधिष्ठिर, अमित, अंकुश, रितेश, सोनू, प्रवीण, सुनील, राहुल, रविंद्र, माया, ऊषा, आरती, अंजू, मंजू, सुनीता, अनीता, पिंकी, प्रमिला समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

*पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, विसरा रिपोर्ट में होगा मौत के सही कारणों का खुलासा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के तिहाड़ कलां में संदिग्ध हालत में महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गांव तिहाड़ कलां निवासी प्राची (25) साल ने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के बयान दर्ज करते हुए केस दर्ज कर लिया। विसरा सैंपल ले लिया गया है।

**निगम के अधिकारियों व स्ट्रीट लाइट ठेकेदारों के साथ मेयर जैन ने की बैठक**

# दिवाली से पूर्व जगमग किया जाएगा सोनीपत

*सभी वार्डों में 9800 स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर कर रखा है जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने निर्देश दिए हैं कि दिवाली से पूर्व पूरे निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा किया जाना चाहिए और सभी चौक चौराहे भी फैंसी लाइट से जगमग किये जाएं। निगम के अधिकारियों एवं स्ट्रीट लाइट लगाने वाले ठेकेदारों के साथ मंगलवार को हुई बैठक में राजीव जैन ने अब तक स्ट्रीट लाइट लगाने के चल रहे कार्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम ने शहर के सभी वार्डों में 9800 स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर जारी कर रखा है जिस पर लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत आएगी। राजीव जैन ने कहा कि वार्ड की गलियों में सीसीएमएस पद्धति से स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं जिनका कंट्रोल (बंद एवं शुरू करने का काम) एक ही स्थान पर लगाए जाने वाले पैनल से होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटी गलियों में जहां पर खंभे नहीं लग सकते वहां पर दीवारों पर स्टैंड लगाकर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं। लाइट की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा।

# खरखौदा: अवैध रूप से बनाई गई 10 दुकानों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

- डीटीपी ने लोगों से अपील की अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें

सोनीपत मार्ग पर अवैध रूप से बनाई जा रही दुकानों को डीटीपी दस्ते ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। डीटीपी नीलम शर्मा के अनुसार मंगलवार को एसएमडीए की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई है। खरखौदा के सोनीपत मार्ग की राजस्व भूमि पर राष्ट्रीय राजमार्ग 334-बी के साथ अवैध रूप से बनाई गई 10 दुकानों व 6 निर्माणाधीन दुकानों की डीपीसी को ध्वस्त किया गया है। डीटीपी नीलम शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं की जाती है। नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पहले एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना जरूरी होता है। अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनी निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत गिराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एवं बीडीपीओ खरखौदा सुरेन्द्र आर्य तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।



**खरखौदा।** अवैध रूप से बनी दुकानों को तोड़ते हुए जेसीबी।

### संदिग्ध हालत में छत से गिरा युवक, मौत

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जटवाड़ा में स्थित डेहा बस्ती में पहली मंजिल से संदिग्ध हालत में गिरने से युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जटवाड़ा टेहा बस्ती निवासी विजय ने बताया कि उसका बेटा सुनील (32) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह सोमवार देर शाम मकान की पहली मंजिल पर टहल रहा था। अचानक वह छत से नीचे गिरकर बेसुध हो गया। जानकारी मिलते ही उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**भाजपा जिला गोहाना कार्यकारिणी में तीन नई नियुक्तियां**

# मुकेश ओबीसी मोर्चा जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



मुकेश रोहिल्ला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने अपने संगठन में नई नियुक्तियां की हैं। नई नियुक्तियों में बिजेंद्र मलिक ने मुकेश रोहिल्ला को ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही प्रदीप बड़वासनी को किसान मोर्चा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष और डॉ. निशा सांगवान को गोहाना की जिला कार्यकारिणी में सदस्य बनाया है।

तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्तियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष मदनलाल चौहान और जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। मुकेश रोहिल्ला, प्रदीप बड़वासनी व डॉ. निशा सांगवान ने अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

**कर्मचारी 13 को हिसार में मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का करेंगे घेराव**

# विभागों में जॉब सिक्योरिटी लागू करने की मांग

*पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक नगर परिषद पार्क में सम्पन्न हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बैठक मंगलवार को शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। 13 सितंबर को हिसार में मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का करेंगे घेराव किया जाएग। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की गोहाना इकाई के अध्यक्ष अर्जुन मलिक ने की व संचालन सचिव जोगेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ की जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष देशराज नैन, ओमप्रकाश मलिक, आनंद हुड्डा, राजेश कुमार, गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव व कथूरा खंड इकाई के अध्यक्ष दिलावर चहल ने संबोधित किया। अर्जुन मलिक ने कहा कि कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए पिछले लंबे समय से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारी नेता देशराज ने बताया कि संघ द्वारा 16 सितंबर को गोहाना खंड की नई कार्यकारिणी का चुनाव करवाया जाएगा।

**महिला विवि के गृह विज्ञान विभाग में पोषण माह कार्यक्रम के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा**

# स्वस्थ जीवन के लिए थाली को करें संतुलित

*रैली को विवि की कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना




**गोहाना।** पोषण रैली को रवाना करती कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के गृह विज्ञान (खाद्य एवं पोषण विभाग) में मंगलवार को पोषण माह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विभाग की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली को विवि की कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पोषण केवल भोजन का विषय नहीं है अपितु यह हमारे स्वस्थ जीवन की नींव है। स्वस्थ जीवन के लिए हमें सर्वप्रथम अपनी खाने की थाली को संतुलित करना होगा। संतुलित आहार शरीर को ऊर्जा, मस्तिष्क को एकाग्रता और जीवन को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवन शैली में हम सुविधा को प्राथमिकता देते हैं और पोषण को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। कुलपति ने कहा कि पोषण माह के अंतर्गत हम खानपान की आदतों की समीक्षा करें और अपने जीवन में स्वास्थ्यप्रद विकल्प अपनाएं। स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों को अपनाना, भोजन की बर्बादी को कम करना और संतुलित थाली पर ध्यान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संकाय सदस्य प्रो. डॉ. बीनू, प्रो. डॉ. नूतन एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. परविंदर कौर उपस्थित रहीं।

**कायाकल्प टीम ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण**

# सफाई और अन्य सुविधाओं पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में पहुंचे टीम के सदस्य व अस्पताल के मौजूद कर्मचारी।

नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आपातकालीन कक्ष, ओपीडी, प्रसूति विभाग, बाल रोग विभाग, मेडिकल वार्ड और सर्जिकल वार्ड का गहन दौरा कर व्यवस्था की जांच की। टीम में करनाल से डिप्टी सीएमओ डा. रविंद्र सिंह सिंधु, डा. अंशुल शामिल रहे। वहीं, नागरिक अस्पताल की ओर से डा. संदीप लठवाल, जॉनी, सोनू, डा. नितिन, नवीन दहिया सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद डॉ. रविंद्र सिंह सिंधु ने कहा कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, क्योंकि स्वच्छ वातावरण मरीजों के स्वास्थ्य सुधार में अहम भूमिका निभाता है। अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि स्टाफ की नियमित ट्रेनिंग कराई जाए, ताकि कर्मचारियों को नई तकनीक और मरीजों की देखभाल से जुड़ी प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी हो। इसके अलावा उन्होंने आवश्यक मशीनरी और उपकरणों की खरीद को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। टीम जल्द ही निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपेगी।

# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर




**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style

# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।



वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

हॉलीवुड मसाला

# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम



**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आट्र्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल*** : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

## क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

## पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*





***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### बताए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के तरीके



**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में वक्ता एवं काउंसलर के तौर पर राकेश कालरा, निदेशक एनडीएमसी व दिनेश कालरा उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि आज युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के चिंताजनक लक्षण दिखाई दे रहे हैं, जिससे माता-पिता, शिक्षकों, स्वास्थ्य पेशेवरों और नीति निर्माताओं में चिंता बढ़ रही है और समाधान की तत्काल आवश्यकता पैदा हो रही है।

### माओ त्से तुंग की 49वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**सोनीपत।** एसयूसीआई (सी) कार्यालय में क्रांतिकारी, विचारक और कम्यूनिस्ट नेता कामरेड माओ त्से तुंग की 49वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माओ त्से तुंग की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उनके विचारों और शिक्षाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी की राज्य समिति के सदस्य कॉ. ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि माओ ने चीन में किसानों, मजदूरों और आम जनता को संगठित कर क्रांति का नेतृत्व किया। साबित किया कि शोषण और अन्याय के विरुद्ध संगठित जनआंदोलन ही सामाजिक परिवर्तन का मार्ग है।

### शिविर में 111 ने किया रक्तदान



**खरखौदा।** प्रताप स्कूल के भूतपूर्व प्राचार्य धर्म प्रकाश आर्य की 57 वीं जयंती को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया और रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 111 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरानुसार हवन से की गई। जिसमें विद्यालय परिवार, ग्रामीण व अतिथियों ने आहुतियां डालकर वातावरण को मंगलमय बनाया। विधायक पवन खरखौदा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

### एमडीयू में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के सहयोग से आज तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप का शुभारम्भ हुआ। विद्यार्थियों को जीवन एवं पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक संवाद-कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता से सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यशाला 11 सितम्बर को संपन्न होगी।

प्राध्यापक डॉ. जसवंत सैनी ने उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण देते से कार्यक्रम की जानकारी दी।

## अंबाला में 37वीं स्टेट सब जूनियर व सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप हुई

# पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन कास्य पदक जीतकर चमकाया नाम

### लड़कियों के मुकाबले में भूमि व लड़कों के मुकाबले में अरमान व भावेश ने अपनी प्रतिभा का परिचय

### चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने पदक विजेताओं का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड के खिलाड़ियों ने अंबाला में आयोजित 37 वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर व सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते 3 कांस्य पदक जीतकर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। सब जूनियर वर्ग में लड़कियों के मुकाबले में भूमि व लड़कों के मुकाबले में अरमान व भावेश ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कांस्य पदक हासिल किया। तीनों खिलाडियों ने अपने प्रदर्शन व आक्रामक शैली से सभी को प्रभावित किया।

स्कूल में वापस लौटने पर पदक विजेताओं का स्वागत किया गया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्राचार्या हिमानी दहिया व उप प्राचार्य वरुण ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अध्यापिका मीनाक्षी, सोनू ,नीलम, रितु, अंजलि, संगीता, सुरेश, कविता, नीशू, नेहा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी पदक विजेताओं को बधाई दी।



**सोनीपत।** पदक विजेता पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ी उप प्राचार्य वरुण के साथ।



पदक जितने के बाद अपने कोच व अन्य खिलाड़ियों के साथ सागर दहिया।



**गोहाना।** पदक विजेता सूर्या को सम्मानित करते शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### कुश्ती में सूर्या ने जीता रजत पदक

**गोहाना।** राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी सराय नामदार खां के विद्यार्थी सूर्या ने रजत पदक हासिल किया। मंगलवार को विद्यालय में शिक्षकों ने सूर्या को सम्मानित किया। पानीपत की नई अनाजमंडी में 8 सितंबर से 10 सितंबर तक 58वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता चल रही हैं। इन खेलों में सूर्या ने 38 किलोग्राम भारवर्ग में दूसरा स्थान हासिल करके रजत पदक कब्जा लिया। मंगलवार को विद्यालय में विद्यार्थी सूर्या को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक रविंद्र मलिक ने की। समारोह में सूर्या को डीपीई लक्ष्मण सिंह, सतपाल, सुनील लाठर, सुनील बावा, सतीश, मंजू, तीजो देवी, मनीषा, कपिल शर्मा, अनिल खटकड़, अनिल मेहरा और नरेंद्र ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नाहरी के सागर ने जीता कांस्य पदक

**राई।** नाहरी के आदर्श ने ब्राजीलिया (ब्राजील) में 31 अगस्त से 7 सितम्बर तक आयोजित 17वीं वर्ल्ड वुशु चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते 56 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया। सागर दहिया ने कड़े मुकाबलों में अपने जज़्बे और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी जीत पर पूरे गांव नाहरी में खुशी है। परिजनों ने कहा कि सागर की सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। सागर के पिता संजय दहिया निजी कार्य करते हैं और माता अन्जू गृहिणी हैं। परिवार में खेलों की परंपरा पहले से रही है। सागर के चाचा, ताऊ और बड़े बुजुर्ग भी खेलों और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देते रहे हैं। ग्रामीणों ने सागर की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी। सागर के दादा आन्नद पहलवान, अशोक दहिया, पूर्व ब्लाक समिति सदस्य सुकेश दहिया, पदम दहिया, डा. सतबीर, बलजीत दहिया, राकेश दहिया, रविन्द्र दहिया, पपु मास्टर, शीलू दरोगा आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी प्राचार्या गीता चोपड़ा व कोच रजनी शर्मा के साथ। फोटो :हरिभूमि

# स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में वनिशा ने कब्जाया रजत पदक

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ी छाए

- वनिशा ने अपनी प्रतिभा व प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की खिलाड़ी वनिशा ने अंबाला में आयोजित 37 वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर व सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। सब जूनियर वर्ग में लड़कियों के 32 किलो भार वर्ग के मुकाबले में वनिशा ने अपनी प्रतिभा व प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इससे पहले 37 वीं सोनीपत जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्कूल के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतने में सफलता पाई थी। स्कूल में मंगलवार को इन सभी पदक विजेताओं का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एकेडमिक हेड हरदीप, कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।

### भारतीय सेना के महानायक थे कै विक्रम बत्रा : दांगी

**गोहाना।** सोमवार को पुरानी सब्जी मंडी गोहाना के समीप कैप्टन विक्रम बत्रा की 51वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा भारत मां के अमर लाल कैप्टन विक्रम बत्रा भारतीय सेना के महानायक थे। कारगिल के इस शेर की कहानियों का रंग न कभी फीका होगा और न ही इन कहानियों का शौर्य कभी मिट सकता है। हरीश बावा, राकेश भाटिया आदि मौजूद रहे।

# सेमिनार में बच्चों को संतुलित आहार का महत्व समझाया

### एस-7 में पोषण सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में पीपी-1 से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता विज्ञान संकाय की मंजू रहीं। उन्होंने प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन आदि पोषक तत्वों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों को बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने और सही ढंग से कार्य करने के लिए पोषक तत्वों का सही मात्रा व सही संयोजन में सेवन करना जरूरी है। साथ ही उन्होंने पोषण के लाभ और इसके अभाव से होने वाले नुकसान के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नोत्तरी में भाग लिया और जिज्ञासाओं का समाधान पाया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला और मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन पौष्टिक भोजन ग्रहण करने की प्रेरणा दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

# साउथ पॉइंट की सारिका ने ताइक्वांडो में जीता सोना

- सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल की छात्रा सारिका ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित एमनीव विजन स्कूल में 3 से 7 सितंबर तक आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट स्कूल की छात्रा सारिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोना जीतकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय लौटने पर सारिका का स्वागत किया गया। इस अवसर पर साउथ पॉइंट ग्रुप के पदाधिकारियों ने विजेता को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। साउथ पॉइंट से 12वीं कक्षा से विज्ञान संकाय की छात्रा सारिका ने अंडर-19 आयु वर्ग के 44 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण पदक जीत अपने जिले और स्कूल का नाम रोशन किया।



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाती सारिका। फोटो :हरिभूमि

#### खेलों में भाग लें विद्यार्थी

एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को भी खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि सारिका ने अपने कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह सफलता पाई है। उसकी उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि सारिका ने जो सफलता अर्जित की है, वह निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और विद्यालय में मिले मार्गदर्शन का परिणाम है।



**सोनीपत।** प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### असदपुर नांदनौर का स्कूल प्रथम

**सोनीपत।** बीआरसी हॉल, मॉडल टाउन, सोनीपत में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें निजी और सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रचनात्मकता और वैज्ञानिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक जागरूकता, रचनात्मकता और सार्वजनिक बोलचाल कौशल को बढ़ावा देना था। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरजभान ने की थी और कार्यक्रम समन्वयक बीआरपी सुनीता रोहिल्ला रहीं। बीआरसी कार्यालय के समस्त एबीआरसी और बीआरपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल जिसमें पीजीटी तेज सिंह, ईएसएचएम सुशील कुमार और पीजीटी प्रीति शामिल रहे। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वमवि, असदपुर नांदनौर ने प्रथम ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत ने द्वितीय और राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी हकीकत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर भाग लेंगे।

# ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छाए

- राष्ट्रीय ताइक्वांडो कप : 2025 में 11 स्वर्ण सहित जीते तेरह पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय ताइक्वांडो कप : 2025 में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 11 स्वर्ण सहित 13 पदक कब्जा लिए। पदक विजेताओं को मंगलवार को स्कूल में प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने की और संयोजन प्राचार्या उषा कौशिक का रहा।

इंडियन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद स्थित अमन पब्लिक स्कूल में 6 और 7 सितंबर को दूसरी राष्ट्रीय ताइक्वांडो कप : 2025 आयोजित किया गया। चैंपियनशिप में विद्यार्थी अंश लठवाल, अंश देशवाल, भाविक, उज्जवल, हरमन, परमवीर, आदित्य जीवांश, आदित्य, अंश और आर्यन ने स्वर्ण पदक जबकि मोक्ष और निधि ने रजत पदक अपने नाम कर लिया।



**गोहाना।** विजेता को पदक प्रदान करके सम्मानित करते एमडी अनिल मलिक।

#### नकद राशि देकर किया सम्मानित

प्रतियोगिता में पदक विजेता सभी विद्यार्थियों को 53-53 हजार रुपये नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने पदक विजेताओं को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मानित करती कमलेश मलिक साथ में क्लब के पदाधिकारी।

### क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** शिक्षक दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब ने 15 समावेशी स्कूलों के 15 विशेष शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले स्कूलों में निजी स्कूलों के शिक्षक शामिल रहे, जिन्हें शिक्षाविद् एवं प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश मलिक की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्षा अनिता मदान ने की। उन्होंने विशेष शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्लब की यह पहल शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सच्ची मित्रता, व्यक्तिगत सेवा और वैश्विक समझ को बढ़ावा देने के उनके मिशन के अनुरूप है। इस अवसर पर मंजू चुघ, सुखदा नागपाल, सुषमा दहिया, शांति सोलंकी, पर्वीन नैन, गीता सैनी, रचना गुप्ता, रेखा दहिया, रजनी नंदवानी और बबीता कौशिक उपस्थित रहीं।


## कार्यक्रम

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने पूर्व डीजीपी उत्तराखण्ड एवं वर्तमान में खेल विवि के कुलपति की पुस्तक का किया विमोचन

# चैलेंजेस टू इंटरनल सिक्योरिटी ऑफ इंडिया आंतरिक सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगी : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई सोनीपत के कुलपति अशोक कुमार द्वारा लिखित है चैलेंजेज टू इंटरनल सिक्योरिटी ऑफ इंडिया पुस्तक के सातवें संस्करण का लोकार्पण समारोह दिल्ली विश्विद्यालय के हंसराज कॉलेज में आयोजित हुआ। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। केन्द्रीय मंत्री ने पुस्तक को राष्ट्रीय महत्व की दृष्टि से आवश्यक बताते हुए कहा कि भारत की आंतरिक सुरक्षा अनेक आयामों से प्रभावित होती है। छात्रों, प्रशासनिक सेवाओं के अभ्यर्थियों तथा नीति-निर्माताओं के लिए यह पुस्तक मार्गदर्शक सिद्ध होगी। आम नागरिक को भी आंतरिक सुरक्षा की समझ होना अति आवश्यक है क्योंकि जब तक वे सजग नहीं होंगे, सरकार अकेले आतंकवाद, नक्सलवाद, ड्रग्स एवं अवैध घुसपैठ जैसी गंभीर समस्याओं से नहीं निबट सकती। हमारी सरकार ने कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद जैसी चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए अवैध घुसपैठ की समस्या को रेखांकित किया है। युवाओं के कंधों पर ही विकसित भारत का सपना टिका है। देश के युवाओं से आह्वान करना चाहता हूँ वे इस पुस्तक को केवल परीक्षा की दृष्टि से न देखें, बल्कि इसे पढ़कर देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को समझें। अपनी सोच और दृष्टिकोण को व्यापक बनाएं।



#### ये रहे मौजूद

पुस्तक के लेखक पूर्व डीजीपी उत्तराखण्ड एवं वर्तमान में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार ने बताया की यह पुस्तक कश्मीर नक्सलवाद और आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर है। इस दौरान मैकग्रा हिल इंडिया के प्रबंध निदेशक ललित सिंह, प्रो. (डा.) रमा, प्राचार्य हंसराज कॉलेज, पूर्व डीजीपी हरियाणा मनोज यादव, आरपीएफ उत्तराखंड के पूर्व आईपीएस श्री एसके भगत, फॉर्मर डीजी नमामी गंगे अशोक, बीएसएफ फॉर्मर आईजी एसपी सिंह, आईपीएस डा. राजेश मोहन, डॉ. प्रभांसु ओझा, शिक्षाविदों, पुलिस अधिकारियों व छात्रों ने भाग लिया।

# वार्ड 14 में गली निर्माण में लापरवाही का आरोप

**गन्नौर।** शहर के वार्ड 14 के एक व्यक्ति ने एसडीएम समाधान शिविर में नगर पालिका और ठेकेदार के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके वार्ड में गली निर्माण कार्य गलत तरीके से किया जा रहा है। शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने बताया कि ठेकेदार ने उनकी पुरानी गली को तोड़े बिना ही उस पर रोडा डालकर इंटरलाकिंग टाइलें बिछानी शुरू कर दी हैं। इससे गली का लेवल लगभग एक फुट ऊंचा हो गया है, जिससे आसपास बने मकानों में पानी भरने का खतरा बढ़ जाएगा। गली निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।



**सूचना**

मैं, अन्नु पुत्री श्री सतीश कुमार निवासी गांव नाहरा, तहसील व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड व विवाह प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम सतीश कुमार दर्ज है। जबकि 10वीं की मार्कशीट रोल नंबर 2159623 व 12वीं की मार्कशीट रोल नंबर 2662816 व रिहायशी प्रमाण संख्या नंबर HR2019/2816 में मेरे पिता जी का नाम सतीश दर्ज है। सतीश व सतीश कुमार ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में मेरे पिता जी को सतीश के नाम से जाना व पहचाना जाए।



सोनीपत। कच्चे क्वार्टर में साफ आसमान और कड़ी धूप का दृश्य।

### मौसम ने ली करवट, तापमान 34 डिग्री पर, लेकिन हुआ महसूस 40 डिग्री के समान

# अब जिले में धूप और उमस का पहरा, एक ही दिन में लोग हुए बेहाल, दिनभर पसीने ने किया तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कई दिनों तक रुक-रुककर हुई बारिश के बाद मंगलवार को मौसम ने करवट बदली और सूरज ने तेज चमक के साथ दस्तक दी। सुबह से ही निकली तेज धूप दोपहर होते-होते तपन में बदल गई। ऊपर से पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में मौजूद नमी ने उमस को इतना बढ़ा दिया कि लोगों का पसीना रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**खास बातें**

- सूरज ने तेज चमक के साथ दी दस्तक
- अगले दो-तीन दिन तेज धूप की संभावना
- तापमान में ज्यादा फर्क नहीं

### ज्यादा देर धूप में न रहने की दी सलाह

पिछले हफ्ते तक बारिश की ठंडक का आनंद लेने वाले लोग अब उमस से परेशान दिखाई दिए। दिनभर की चिपचिपी गर्मी के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी बेहाल रहे। लोगों ने बताया कि दोपहर के समय हालात सबसे ज्यादा खराब थे, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो-तीन दिन तक धूप और उमस का यह दौर जारी रह सकता है। वहीं, डॉक्टरों ने नागरिकों को सलाह दी है कि इस मौसम में ज्यादा देर तक धूप में न रहें, पर्याप्त पानी पिएं और हल्का भोजन करें, ताकि उमस और गर्मी से बचाव किया जा सके।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

सोमवार को अधिकतम तापमान 33.5 दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.2 दर्ज किया गया था। तापमान में हालांकि ज्यादा फर्क नहीं आया था, लेकिन उमस के कारण वास्तविक महसूस होने वाला तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक रहा। अचानक बढ़ी इस उमस और गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बाजारों, सड़कों और दफ्तरों में लोग बार-बार रूमाल से पसीना पोंछते नजर आए।

## खबर संक्षेप



### प्रदीप जिला विधि विषयक विभाग प्रमुख नियुक्त

**गोहाना।** प्रदीप कुमार पांचाल को भाजपा जिला गोहाना विधि विषयक विभाग प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा विधि विषयक विभाग प्रमुख अतर सिंह पंवार द्वारा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से विचारविमर्श के बाद की गई है। अपनी इस नियुक्ति को लेकर प्रदीप कुमार पांचाल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### सांस्कृतिक कला उत्सव में दिखाया जलवा

**गोहाना।** खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के विद्यार्थियों ने समूह लोक नृत्य व एकल नृत्य में अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंगलवार को विद्यालय में विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र दहिया ने की। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में शैक्षणिक खंड गोहाना का खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव सम्पन्न हुआ।

### विभागों की जिम्मेदारी के बाद भी अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

# राजपुर-कामी गांव के बीच फैक्ट्रियों के पानी से सड़कें टूटनी हुई शुरू

- करोड़ों रूपयें की लागत से बनाई सड़क की देखरेख करने वाला विभाग के अधिकारी आंखे बंद किए हुए



गन्नौर। कामी-भूरी गांव के पास सोनीपत सड़क मार्ग पर फैक्ट्रीयों के बाहर बरसात का सड़क के साथ जमा हुआ पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर से सोनीपत सड़क मार्ग पर राजपुर से कामी गांव तक सड़क के साथ लगती सभी फैक्ट्री मालिकों ने अपनी फैक्ट्री के आगे ऊंचे रैंप लगाकर सारा पानी सड़क पर छोड़ दिया है। जब भी थोड़ी सी बरसात होती है तो सारा पानी सड़क पर जमा हो जाता है लेकिन एचएसआरडीसी व सड़क एवं भवन निर्माण विभाग का उक्त फैक्ट्री मालिकों के ऊपर कोई कार्रवाई नही कर रहा। जिससे दिन-प्रतिदिन सड़क की हालत खस्ता होती जा रही है। वहीं वहां से गुजरने वाले वाहन चालक व ग्रामीण भी हैरान है कि करोड़ों रूपयें की लागत से बनाई सड़क की देखरेख करने वाला विभाग के अधिकारी आंखे बंद किए हुए है। लोगों ने मांग की है कि सभी फैक्ट्री के आगे ऊंचा किए गए ढलान को नीचा करवाया जाए ताकि बरसात का पानी सड़क पर न खड़ा हो और सड़क न टूटे। अब देखना है कि क्या संबंधित विभाग के संज्ञान में आने के बाद विभाग कार्रवाई करेगा या फैक्ट्री मालिकों को मनमानी करने के लिए उनके हौसल्ले और बुलंद करेगा। ग्रामीण व वाहन चालक सतबीर, महेन्द्र, विकास, रविन्द्र ने बताया कि सोनीपत से गन्नैर जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पर कामी, भूरी गांव के पास दर्जनों फैक्ट्री है। सभी फैक्ट्री वालों ने अपनी मनमानी करते हुए अपनी फैक्ट्रीयों के आगे सड़क से भी ऊंचा उठाकर फैक्ट्री का बरसात के पानी की निकासी मुख्य सड़क पर ही कर दी है। जिस कारण थोड़ी सी बरसात होने के बाद सड़क पर पानी जमा हो जाता है और वह कई दिन तक खड़ा रहता है। अगर संबंधित विभाग ने कोई कार्रवाई नही की तो सड़क जल्दी ही टूट

### एचएसआरडीसी ने बनवाया तो उनकी जिम्मेदारी बनती है : पीडब्ल्यूडी एसडीओ

*पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि सड़क का निर्माण एचएसआरडीसी विभाग ने करवाया था और 5 साल देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित विभाग व ठेकेदार की है। अगर उनके अधीन आता तो वे सभी फैक्ट्री मालिकों को नोटिस देकर फैक्ट्री के आगे ऊंचा उठाकर स्लोब को नीचे रखवाते ताकि बरसात का पानी सड़क पर न जमा हो। खुद फैक्ट्री वालों को भी चाहिए कि वे पानी का ढलान सड़क पर न करे और सड़क से नीचे अपने स्लोब को रखे।*

### उच्च अधिकारियों से करेंगे बात: एसडीओ

एचएसआरडीसी के एसडीओ नरेश शर्मा ने बताया कि सड़क पर पानी का ढलान करने पर पीडब्ल्यू डी विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे। एचएसआरडीसी ने सड़क का निर्माण करवाया है और 5 साल उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने फैक्ट्री वालों को बोला भी है कि वे कंपनी के आगे सड़क से नीचा रखे। सड़क पर पानी न छोड़े। लेकिन मान नही रहे। वे विभाग से उच्च अधिकारियों से बात कर कार्रवाई करेंगे।

### धरना देकर कर्मियों ने जताया रोष

# जॉब सिक्योरिटी व भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच की मांग



सोनीपत। एचएसवीपी कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन नंबर 1266 सोनीपत के कर्मचारियों ने मंगलवार को एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 पर दोपहर 12 से 2 बजे तक धरना और रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार, एचआरडी, कौशल रोजगार निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने का नेतृत्व महावीर नागर (राज्य प्रधान, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच) ने किया। संचालन समेश कुमार (जिला सचिव, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन) ने किया। वहीं टीनू मदान (राज्य प्रैस सचिव, हुड्डा यूनियन एवं राज्य सचिव, कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच) ने सहयोग किया।

### ये रखी प्रमुख मांगें

कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को तुरंत जॉब सुरक्षा गारंटी की ज्वाइनिंग दी जाए। पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को दिवाली पर परफॉर्मेंस अवार्ड दिया जाए और इसके लिए समय रहते प्रक्रिया शुरू की जाए। एचएसवीपी में बढ़ते भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो।, विशेषकर पानीपत बागवानी में लगभग 1 करोड़ रुपए के हरे व फलदार पेड़ काटकर बेचने और राजीव गांधी एजुकेशन सिटी डिविजन में ठेकेदारों से मिलीभगत कर टेंडर कार्यों में की जा रही गड़बड़ियों की। धरने में ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, सुनील चौहान, समे सिंह, जगबीर, अश्विनी, ओमप्रकाश, पुष्पेंद्र शर्मा, जीवन लाल, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, कृष्ण कुमार, शमशेर सिंह, राहुल, राकेश, योगेश शर्मा, विनोद कुमार, योग प्रकाश नागर आदि मौजूद रहे।

# रूसी भाषा सीखने पर कॅरियर निर्माण की अच्छी संभावनाएं

### कन्या गुरुकुल विद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

- भारत और रूस के संबंधों का इतिहास बहुत पुराना : प्राचार्य
- कार्यक्रम का संचालन शालिनी एवं समीक्षा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। रूसी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रूसी भाषा एवं रूस में शिक्षा के अवसरों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। मुख्य अतिथि रशियन स्कॉलर नज्येझदा एवं विदेशी भाषा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विदुषी ने कहा कि रूसी भाषा सीखने से कॅरियर के अनेक अवसर मिलते हैं। इसमें ट्रांसलेटर, अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यटन, तेल एवं गैस, रक्षा, इंजीनियरिंग, आईटी, शिक्षण एवं बहुराष्ट्रीय निगमों में कॅरियर निर्माण की अच्छी संभावनाएं हैं। नज्येझदा ने छात्राओं को रूसी संस्कृति एवं शिक्षा प्रणाली से परिचित करवाते हुए बताया कि छात्रवृत्ति के माध्यम से छात्राएं रूसी विश्वविद्यालयों में विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। प्राचार्या सुमिता सिंह ने कहा कि भारत और रूस के संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है, जो साझा हितों, पारस्परिक विश्वास और लंबे समय से चले आ रहे सहयोग पर आधारित है। कार्यक्रम का संचालन शालिनी एवं समीक्षा ने किया।



खरखौदा। प्रतियोगिता में बनाए पोस्टरों को दिखाते हुए छात्राएं।

## छात्राओं को जागरूक करने के लिए कराई जा रही विभिन्न गतिविधियां

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी तथा जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से 23 सितंबर के बीच एचआईवी एड्स पर पोस्टर बनाना, स्लोगन लेखन, रैली निकालकर लोगों को जागरूक करना, रेड रिबन पहनकर मानव श्रृंखला बनाना, विस्तृत व्याख्यान का आयोजन करना, भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्राचार्या डॉ. तराना नेगी की अध्यक्षता में एचआईवी एड्स के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब की छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं को बताया गया कि इस बीमारी के इलाज में सावधानी व सुरक्षा रखनी चाहिए। अपने जीवनसाथी के प्रति वफादार रहें। एचआईवी एड्स से ग्रस्त रोगी के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं करना चाहिए। इस विषय में स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में सुमन, पायल, नेहा, वंदना, सलोनी, शिवानी, खुशबू, नेहा, आंचल, प्रीति आदि 13 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं को पेन देकर प्रोत्साहित किया गया।

# निपुण सेंसस ग्रुपिंग एक्सरसाइज परीक्षा के बारे में दी जानकारी

### मॉडल टाउन स्थित स्कूल में मेंटर की जिला स्तरीय ट्रेनिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। ट्रेनिंग के दौरान उपस्थित मेंटर एवं अन्य।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में जिला स्तरीय मेंटर की सेंसस ग्रुपिंग एक्सरसाइज ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सोनीपत रचना बाना एवं विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार द्वारा की गई।

इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में दिनांक 15 सितंबर और 16 सितंबर को सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा दूसरी व तीसरी के होने वाले निपुण सेंसस ग्रुपिंग एक्सरसाइज परीक्षा के संबंध में संपूर्ण जानकारी राज्य कोऑर्डिनेटर ने दी। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नोडल खंड संयोजक अंजू बाला ने कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की।

### टीजीटी, पीजीटी का प्रशिक्षण कराया जाएगा

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिला सोनीपत के सभी एबीआरसी, बीआरपी और डाइट बीसवांमिल से सभी प्राध्यापकों ने भाग लिया। 15 और 16 सितंबर को होने वाली कक्षा दूसरी व तीसरी की हिंदी एवं गणित की परीक्षा टीजीटी पीजीटी द्वारा किस प्रकार ली जाएगी इस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी एबीआरसी द्वारा अब 12 सितंबर तक अपनी सीआरसी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न टीजीटी, पीजीटी का प्रशिक्षण कराया जाएगा जिसमें परीक्षा से संबंधित संपूर्ण जानकारी उन्हें दी जाएगी।

## पूर्व प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता बने जजपा के प्रदेश संयुक्त सचिव

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी ने पूर्व प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता को उनकी निष्ठा और कड़ी मेहनत को देखते हुए प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है।



नियुक्ति मिलने के बाद रमेश गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो सम्मान उन्हें दिया गया है, उसके लिए वे सदैव कृतज्ञ रहेंगे। रमेश गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की मजबूती और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण भाव और निष्ठा से कार्य करेंगे तथा पार्टी आलाकमान के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**राहत** | गोवंश पकड़ने के लिए टेंडर खुला, मिलेगा सुरक्षित सहारा

# 1,110 रुपये प्रति गोवंश भुगतान करेगी नगरपालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। सड़क किनारे कूड़े में विचरण करते गोवंशों का झुंड।

शहर की गलियों और सड़कों पर भटक रहे बेसहारा गोवंश से जल्द ही लोगों को राहत मिलने वाली है। नगरपालिका की ओर से लगाए गए टेंडर को अब खोल दिया गया है। एजेंसी से मोलभाव कर लिया गया है अब आगे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टेंडर एजेंसी को अलाट कर दिया जाएगा। गन्नौर की गोशालाओं में पहले से ही जगह पूरी तरह भर चुकी है, जिस कारण बेसहारा गोवंश गलियों और सड़कों पर भटक रहे हैं। यह न केवल यातायात के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर भी असर डाल रहे थे। अब नगरपालिका द्वारा टेंडर खोल दिया गया है। एजेंसी अगले दो वर्षों तक गोवंश की देखरेख करेगी। इस दौरान 1110 रुपये प्रति गोवंश का भुगतान नपा की ओर से किया जाएगा।

### लोगों को मिलेगी राहत : नपाध्यक्ष



नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि नगर पालिका की प्राथमिकता शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है। बेसहारा गोवंश को हटाने से लोगों को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही गोवंश को भी उचित देखभाल और संरक्षण मिलेगा। इन गोवंश की टैगिंग करने के बाद सोनीपत की नंदीशाला में भेजा जाएगा, जहां उन्हें सुरक्षित आसरा मिलेगा।

### दो साल पहले लगा था टेंडर

नगरपालिका द्वारा जून 2023 में बेसहारा गोवंश को पकड़ने और सुरक्षित स्थान पर भेजने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी। शुरुआती कुछ दिनों तक ठेकेदार ने काम किया भी, लेकिन गोशालाओं में पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण पशुपालन विभाग द्वारा गोवंशों की टैगिंग नहीं की गई। जिससे गोवंश की पहचान सुनिश्चित नहीं हो पाई।



खरखौदा। शिक्षक हरिओम कौशिक को सम्मानित करते आयोजक।

## शारीरिक शिक्षक हरिओम कौशिक शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित

**खरखौदा।** स्थानीय निवासी एवं शारीरिक शिक्षक हरिओम कौशिक को शिक्षा, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्माइल सोसाइटी द्वारा राजकीय महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित समारोह में शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की असली नींव होते हैं, जो न केवल शिक्षा बल्कि खेल और सेवा भाव से भी नई पीढ़ी को दिशा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा द्वारा की गई। सम्मान प्राप्त करने के बाद हरिओम कौशिक ने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि उनके विद्यालय, विद्यार्थियों और उन सभी सहयोगियों का है, जिनकी प्रेरणा और विश्वास से वह आगे बढ़े हैं। उनका प्रयास रहेगा कि शिक्षा व खेल के माध्यम से बच्चों के भविष्य और समाज का कल्याण होता रहे।